
75

न किया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़।** यहां के मंथन फॉउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को सेवा के क्षेत्र में अपने सात वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष्य में सात वर्षो के इस सफर को संजोने के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि श्रृंखला के प्रथम दिन जिला अस्पताल परिसर बहरोड़ में पौधारोपण किया गया तथा 36वां कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अमृता यादव एवं अन्य स्टाफ के साथ में जन्मी चौदह नवजात कन्याओं को उपहार देकर व नजरिया बांध कर उनके जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गई। इस दौरान वहां उपस्थित परिजनों को बेटी और बेटे में भेदभाव को दूर करने का संदेश दिया। वहीं इस अवसर पर मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा अस्पताल पीएमओ डॉ. सतवीर यादव के सानिध्य में अस्पताल में पौधारोपण भी किया। डॉ. सतवीर यादव ने दिव्यांग बच्चों के लिए मंथन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के प्रशंसा करते हुए बच्चों को शुभाशीष प्रदान किया।


INDIA


adidas

# दिव्यांग बच्चों के लिए ऑर्थोसिस कैंप संपन्न

**बहरोड़, 28 सितंबर ( निसं )।** मंथन स्पेशल स्कूल एवं मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के लिए निशुल्क ऑर्थोसिस जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

संस्था सचिव डा. सविता गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर के आरोग्य रिहैब सेंटर के प्रसिद्ध ऑर्थोटिक्स विशेषज्ञ डा. शशांक शर्मा द्वारा 15 दिव्यांग बच्चों का निशुल्क परीक्षण किया गया। जिसमें 9 बच्चों के फुट ऑर्थोसिस के लिए नाप लिया गया। वहीं मंथन संस्थापक डा. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि सही ऑर्थोसिस की मदद से दिव्यांग बच्चों में आई विकृतियों जैसे हाथ पैरों में खिंचाव, टेढापन, कडापन, कमजोरी आदि में सुधार होता है जिससे बच्चों की गतिशीलता में सुधार होता है। वहीं नीमराना निवासी सीए नेहा शर्मा एवं सीए मनोज शर्मा ने अपनी बेटी मायरा का जन्मदिन दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर मायरा के दादा नरेश शर्मा द्वारा बच्चों को नाश्ता कराया गया।



शर्मा दंपत्ति ने मंथन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के इस प्रयास में अपना सहयोग देने की बात कही। मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशेष शिक्षक कर्मवीर यादव, आकाश कुमार, शालिनी शर्मा, अंकित सैन एवं दिव्यांग बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों की निर्मित सजावटी सामग्री की प्रदर्शनी का शुभारंभ

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**बहरोड़.** कस्बे के मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित सजावट सामग्री की दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ बुधवार को उपखंड अधिकारी सचिन यादव ने फीता काट कर किया। जहां पर उपखण्ड अधिकारी ने कहा मंथन फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों के हुनर को अच्छे से पहचान कर उस पर कार्य किया है। जिससे ये बच्चे आने वाले समय में आत्मनिर्भर बन समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में सफल हो पायेंगे। साथ ही उन्होंने मंथन द्वारा संचालित रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं स्कूल के सभी बच्चों के साथ मुलाकात की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में सचिव डॉ सविता गोस्वामी एवं संस्थापक डॉ पीयूष गोस्वामी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



फोटोः- दिव्यांग बच्चों के साथ उपखंड अधिकारी व अन्य लोग।

इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मीर,अखिल भारतीय साहित्य परिषद अध्यक्ष कमलनयन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद से हुकुम चंद यादव,भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नवीन यादव,भारत स्वाभिमान प्रभारी के आर शर्मा,लियो क्लब अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल,धर्मवीर यादव,मंथन संरक्षक वसंती यादव सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित



**बहरोड़.** शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए उपस्थित दिव्यांग व उनके अभिभावक।

**बहरोड़ @ पत्रिका.** कस्बे में मंथन कार्यालय पर विशेष योग्यजनों को पात्रतानुसार संचालित योजनाओं से जोड़ने के जिला नवाचार सक्षम अलवर अभियान के अंतर्गत शनिवार को निःशुल्क ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। मंथन संस्थापक डॉ पीयूष गोस्वामी ने बताया कि दिव्यांग बच्चों का चिन्हीकरण एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया।

ई-मित्र के माध्यम से वो बच्चे जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है या पुराना बना तो हुआ है, लेकिन ऑनलाइन नहीं चढ़ा है का ई-मित्र द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही जिन बच्चों का ऑनलाइन प्रमाण पत्र जारी हो चुका है। लेकिन सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त नहीं हो रही का भी रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं छात्रवृत्ति, सहायक उपकरण, पास,स्वरोजगार ऋण, आस्था कार्ड, सुखद दांपत्य, पालनहार, कन्यादान आदि की भी जानकारी दी गयी। शिविर में 57 दिव्यांगजन लाभान्वित हुए। इस दौरान समाज न्याय एवं अधिकारिता विभाग छात्रावास अधीक्षक महेंद्र सिंह चौधरी, मंथन सचिव डॉ सविता गोस्वामी, सुनील शर्मा, नीरज यादव, शालिनी शर्मा, अंकित सैन, केशव, दिनेश यादव, सुनील कुमार सहित दिव्यांग बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने की जरूरत है- एसडीएम



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित सजावट सामग्री की दो दिवसीय प्रदर्शनी की शुरुआत एसडीएम सचिन यादव ने फीता काट कर की। एसडीएम ने बच्चों द्वारा निर्मित सामान की सराहना करते हुए कहा कि हीरे के पहचान जोहरी को ही होती है और मंथन फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों के हुनर को अच्छे से पहचान कर उस पर कार्य किया है। जिससे ये बच्चे आने वाले समय में आत्मनिर्भर बन समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में सफल हो पायेंगे। साथ ही उन्होंने मंथन द्वारा संचालित रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं स्कूल को विजिट किया एवं वहां उपस्थित सभी बच्चों के साथ मुलाकात की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मीर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद अध्यक्ष कमलनयन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद से हुकुम चंद यादव, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नवीन यादव, भारत स्वाभिमान प्रभारी के आर शर्मा, लियो क्लब अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, धर्मवीर यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ललिता यादव, रेखा शर्मा, मंथन संरक्षक वसंती यादव, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव, विशेष शिक्षक आकाश कुमार, रामसिंह मौरोडिया, अंकित सैन, शालिनी शर्मा एवं अन्य समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सचिव डा. सविता गोस्वामी एवं संस्थापक डा. पीयूष गोस्वामी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' मेले का आयोजन हुआ



**नीमराणा.** कस्बा के एमडीवीएम पारले स्कूल में शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत मेले का आयोजन हुआ।मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सत्यवीर सिंह राव ने किया। मेले में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी पृथक पृथक कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न राज्यों की कला दर्शाते फूड स्टॉल लगाए।

मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र घुड़सवारी, कैमल राइडिंग, मिकी माउस, 3डी गेम्स,बुक बाजार तथा मंथन फाउंडेशन बहरोड के विकलांग बच्चों द्वारा लगाई गई स्टाल रही। प्रिंसिपल डॉ राव ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कला का प्रदर्शन करना था।

दैनिक भास्कर
बहरोड़-नीमराना भास्कर 19-06-2022



बहरोड़. दिव्यांग बच्चे फादर्स डे पर सम्मानित करते हुए।

# दिव्यांग बच्चों ने फादर्स व ऑटिस्टिक डे मनाया

बहरोड़। मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क थेरेपी व दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर पर फादर्स डे व ऑटिस्टिक प्राइड डे मनाया गया। जिसमें डा. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में पिता की भूमिका अद्वितीय रहती है। पिता का प्यार झलकता नहीं किंतु एक सफल व्यक्तित्व को बनाने में आधार शिला का कार्य करता है। जिनके समर्पण, मेहनत व शब्दों में बयां ना कर पाने वाले प्यार के सम्मान में यह कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें केक काटाकर उनके पिता को अंग वस्त्र व ग्रीटिंग कार्ड देकर सम्मानित किया गया। डॉ. सविता गोस्वामी, कृष्ण यादव, राजेन्द्र कसाना, डॉ. विष्णु शर्मा, शालिनी शर्मा, अंकित सैन, कर्मवीर मीर, कंवर सिंह, कृष्ण कुमार सैनी, मोहन लाल, पंकज सैनी, मनीष अग्रवाल, ममता, हेमलता, रेखा, एकता, शीतल आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों को मुख्य धारा से जोड़ने का लेना होगा संकल्प



**बहरोड़, 1 सितंबर ( निसं )।** दिव्यांग बच्चों हेतु संचालित मंथन स्पेशल स्कूल में बुधवार को गणेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अथिति नगरपालिका बर्डोद की नवनिर्वाचित चेयरमैन पूजा निमोरिया रही।

साथ ही विशिष्ट अथिति के रूप में बीडीओ वीरेंद्र चौहान, छोटेलाल बर्डोदिया, कमल नयन शर्मा ने अपनी उपस्थिति से दिव्यांग बच्चों एवं स्टाफ का उत्साहवर्धन किया। अथितियों द्वारा गणेश जी की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि इस वर्ष 50 बच्चों को निशुल्क शिक्षा एवं थेरेपी प्रदान करने के संकल्प के लिए फाउंडेशन प्रयासरत है। इसी क्रम में बच्चों के लिए नए क्लास रूम का अथितियों द्वारा फीता काट कर शुरुआत की गई। इस अवसर पर चेयरमैन पूजा निमोरिया ने मंथन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। तभी मंथन का यह मिशन सफल हो पाएगा।

बीडीओ वीरेंद्र चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा मंथन का यह प्रयास दिव्यांगता के क्षेत्र में नया आयाम प्रदान करेगा। इसके पश्चात स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति के लिए बच्चों को अथितियों द्वारा सम्मानित किया गया एवं उपरोक्त कार्यक्रम में प्राप्त प्रोत्साहन राशि से बच्चों के लिए ली गई स्टेशनरी एवं यूनिफॉर्म भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव द्वारा अथितियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए एवं विशेष शिक्षक आकाश कुमार के सहयोग से सभी को प्रसाद वितरित किए गया। कार्यक्रम में डॉ. पीयूष गोस्वामी, विशेष शिक्षक शालिनी शर्मा, रामसिंह मोरोडिया, अंकित सैन, केशव सैनी, कृष्ण कुमार सैनी समेत दिव्यांग बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब बहरोड की प्रेरणा से भोजन वितरण

एनसीआर संदेश 02

# होली के रंग - दिव्यांग बच्चों के संग मंथन स्पेशल स्कूल में मनाया फागोत्सव

एनसीआर संदेश

**बहरोड़।** मंथन स्पेशल स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डांस दीवाने फेम व मशहूर दिव्यांग डांसर मोनिका भारती तथा विशिष्ट अतिथि शिक्षिका नेहा बंसल जैन द्वारा गुरुदेव की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद मंथन सचिव डॉ0 सविता गोस्वामी ने सभी बच्चों एवं स्टाफ को चंदन का तिलक लगा कर होली की शुभकमाएं दी। सचिव डॉ0 सविता गोस्वामी ने बताया होली भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। यह रंगों का त्योहार है। व्यक्ति के जीवन में हर रंग का एक अलग महत्व है। रंग न केवल जीवन में खुशहाली लाते हैं बल्कि जिंदगी का एक मकसद भी बनते हैं। मंथन स्पेशल स्कूल में आने वाले हर दिव्यांग बच्चे के जीवन को रंगीन बनाना ही संस्था का उद्देश्य है। यहां पर आने के बाद ये दिव्यांग बच्चे न केवल एक खुशी का अनुभव करते हैं बल्कि शिक्षा और थेरेपी के माध्यम से आत्मनिर्भरता के स्वपन को साकार करते नजर आते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर तथा फूलों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों को गुंजिया भी खिलाई गई । साथ ही बच्चों ने डांस कर और रंग लगा कर प्रेम पूर्वक होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के साथ डॉ0 पीयूष गोस्वामी, कर्मवीर यादव, अंकित सेन, शालिनी शर्मा आदि उपस्थित थे।





## एनसीआर संदेश

अलवर। बहरोड़ के मंथन स्पेशल स्कूल में मंगलवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मानसिक मंथन दिव्यांग स्वरची श्रुति तथा पवन द्वारा उनके पत्र गौरिक का जन्मदिन को विशेष बनाने हेतु उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए संस्था को एक झूला भेंट किया , जिसे पाकर बच्चे उत्साह से झूम उठे। साथ ही केक काटकर एवम मिठाई वितरित कर अपनी खुशियां इन विशेष बच्चों के साथ बांटी। इस सराहनीय पहल हेतु डॉ.

# मंथन का पैंतीसवां कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित

## चार वर्षों से बेटा व बेटी के भेदभाव को मिटाने का प्रयास जारी

टीएनआई आवाज़

**बहरोड़।** मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को शुभ नवरात्रा उपलक्ष्य में उप जिला अस्पताल बहरोड़ में पैंतीसवां कन्यारत्न जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम संयोजक वसंती यादव ने बताया कि सप्तमी के शुभ दिवस पर उप जिला अस्पताल में जन्मी पाँच देवी स्वरूप कन्याओं के जन्म की खुशियां मनाई गई।स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि यादव के मुख्य आतिथ्य तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कनिका यादव के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित इस उत्सव के दौरान कन्याओं को वस्त्र,खिलौने इत्यादि देकर नज़रिया बांध उन्हें आशीर्वाद दिया गया तथा मिठाई बाँटकर परिजनों को बधाई दी गई।डॉ. निधि यादव द्वारा इस कार्य की प्रशंसा की गई व मंथन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि गत चार वर्षों से



निरंतर मंथन द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है,जिसके अंतर्गत अब तक 156 कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया जा चुका है।नवरात्रों के दिनों में जहाँ घर- घर जय अम्बे गौरी का उद्घोष होता है,वहीं दूसरी ओर आज भी कई घरों में बेटी होने पर मातम सा छा जाता है।अतः इस कार्यक्रम का उद्देश्य लड़का और लड़की के बीच के भेदभाव को मिटाना है।इस उत्सव के दौरान एक इस मुहिम का एक सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला जिसमें एक पिता द्वारा उनकी नवजात पुत्री का धूमधाम से छटी व कुआं पूजन उत्सव मनाने की बात की गई।जो कि समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।जन्मोत्सव में अमित कुमार यादव,रीना,कमलेश यादव,उषा यादव,श्वेता,दिनेश यादव सहित बच्चियों के अभिभावक तथा परिजन उपस्थित रहे।

मरुधर हिंद

# कारगिल विजय दिवस पर दिव्यांग बच्चों ने वीर शहीदों को किया नमन

मरुधर हिन्द/ हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** तेरा वैभव अमर रहे माँ, हम दिन चार- रहे ना रहे÷ की भावना के साथ अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले भारत माँ के वीर सपूतों के शौर्य, बलिदान, साहस व वीरता के प्रतीक कारगिल विजय दिवस पर दिव्यांग बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा कारगिल विजय दिवस बड़े गर्व और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से तिरंगे के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की तत्पश्चात भारतमाता के जयकारे लगाकर शहीदों को नमन किया। ये बच्चे भी समाज का अभिन्न अंग है, अतः समाज की मुख्य धारा से जुड़ने हेतु आवश्यक है कि ये भी वे सारे अनुभव प्राप्त करें जो आम बच्चे करते हैं। इसी उद्देश्य से समय समय पर संस्था द्वारा इस प्रकार के आयोजन किये जाते है ताकि ये भी अपने भारतीय होने पर गर्व महसूस कर सके व देशप्रेम की भावना इनमें भी जागृत हो। इस दौरान संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, विशेष शिक्षक कर्मवीर यादव, शालिनी शर्मा, रामसिंह मोरोड़िया, अंकित सेन सहित दिव्यांग बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



# पुलिस थाना शास्त्री नगर में एक

# मंथन के दिव्यांग सितारों ने उठाया मैजिक शो का लुत्फ

## विश्व प्रसिद्ध जादूगर शिव कुमार का मंथन द्वारा किया गया सम्मान





आयुष-अंतिमा नेटवर्क

**बहरोड़/अलवर (सुनील दत्त शर्मा)।** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विश्व के महान जादूगर व ग्रेट स्टंटमैन शिवकुमार को विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यों हेतु शो के दौरान अभिनंदन पत्र, स्मृति चिन्ह तथा अंगवस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया। जादूगर शिवकुमार का दिव्यांग बच्चों से सदा से ही विशेष स्नेह रहा है।

इसी स्नेह उपहार स्वरूप शुक्रवार दोपहर को मंथन स्पेशल स्कूल तथा मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन के सभी दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क हैरत अंगेज कारनामों से भरा हुआ मैजिक शो दिखाया।

शो के दौरान जादूगर द्वारा नशामुक्ति, पौधारोपण, कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ- देश बचाओ सहित विभिन्न सामाजिक सरोकार के संदेश दिए गए, साथ ही मंथन सचिव डॉ.सविता गोस्वामी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान दिव्यांग बच्चे उनके अभिभावक सहित कृष्णदेव गिरी, विशेष शिक्षक कर्मवीर यादव, आकाश कुमार, शालिनी शर्मा, रामसिंह मोरोडिया व अंकित सेन उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
बहरोड़-नीमराना भास्कर 10-05-2022

# दिव्यांग बच्चों ने प्रस्तुतियों में संजोया मां का स्वरूप

बहरोड़। मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के स्कूल में मातृ शक्ति सर्वोच्च शक्ति कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि संतोष देवी चेरिटेबल ट्रस्ट सचिव डॉ. शानू यादव, अति विशिष्ट अतिथि डांस दीवाने फेम मोनिका भारती, शिक्षिका वसंती यादव व सुषमा गोस्वामी ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा तेरी अंगुली पकड़ के चला गाने पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इसके साथ अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां प्रतियागिताएं आयोजित हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ० शानू यादव ने कहा कि एक मां के लिए बच्चों को परवरिश देना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, वहीं जब बात इन विशेष जरूरत वाले बच्चों की हो तो यह जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि इन विशेष जरूरत बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में उनकी माँ की भूमिका सबसे अहम होती है। वहीं मोनिका भारती ने मंथन फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयासों की प्रशंसा की। रिहैबिलिटेशन सैंटर सैकड़ों दिव्यांग बच्चों और उनके परिवारों की उम्मीद बताया। है । इस अवसर पर कार्यक्रम में बच्चों और माताओं को पुरुस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में मानवाधिकार सुरक्षा संगठन अध्यक्ष रेखा गोयल, वैश्य समाज महिला सचिव शिल्पा अग्रवाल, कराटे चैंपियन पूनम यादव, एडवोकेट सुमन यादव, नेहा जैन, दीपक शास्त्री, पूजा चौहान, दीपक सैनी, रोहित जैन, सांत्वना जेना, विशेष शिक्षिका शालिनी शर्मा, अंकित सेन, केशव सैनी व उनकी माताएं मौजूद रहीं।



बहरोड़. मंथन स्कूल में महिलाओं का सम्मान करते हुए ।

# ऑर्थोसिस वितरण शिविर संपन्न



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बहरोड़।** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सातवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय शृंखला का समापन शुक्रवार को आपके लिए व्यर्थ पर दूसरों के लिए जरूरी कैंपेन तथा ऑर्थोसिस वितरण शिविर के साथ किया गया।

मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित इस कार्यक्रम में घरों से निकलने वाले जरूरत योग्य कपड़ों, खिलौनों, बर्तन, जूते, शॉल, स्वेटर इत्यादि सामग्री एकत्रित कर हाइवे स्थित मजदूर बस्ती के जरूरतमंद परिवारों में वितरित की गई। साथ ही दीपोत्सव की बधाईयां देते हुए सभी को मिट्टी के दीए एवम् प्रसाद वितरित किए गए। गौरतलब है कि मंथन द्वारा गत सात वर्षों से यह कैंपेन निरंतर चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य समाज को यही संदेश देना है कि दीपावली की सार्थकता और सच्ची खुशी जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान बाँट कर ही प्राप्त की जा सकती है। तत्पश्चात मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर के सात दिव्यांग बच्चों को ऑर्थोसिस वितरित किए गए। ऑर्थोसिस प्राप्त करने के बाद बच्चो में अलग ही आत्मविश्वास व उत्साह देखने को मिल रहा था। ऑर्थोसिस बच्चों को बैलेंस बनाने में सहायता करते हैं जिससे बच्चे शीघ्र खड़ा होना तथा चलना सीख लेते है। अतः समय समय पर मंथन द्वारा इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते हैं।

एनसीआर संदेश

# वक्ता बोले-समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए शिक्षा ही शक्तिशाली हथियार



**बहरोड़।** मंथन फॉउन्डेशन चैरिटबल ट्रस्ट द्वारा सम्भलता बचपन अभियान के अंतर्गत बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूलों में शिक्षारत जरूरतमंद बच्चों को बैग, जूते, यूनिफॉर्म एवं अन्य स्टेशनरी शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। मंथन संरक्षक वसंती यादव ने बताया कि उक्त मुहिम के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नं. 3, राजकीय विद्यालय नं.1 व इंदिरा कॉलोनी स्थित राजकीय विद्यालयों के आर्थिक रूप से पिछड़े व शैक्षणिक क्षेत्र में विशेष रुचि रखने वाले ग्यारह विद्यार्थियों को रजिस्टर, ज्योमेट्री बॉक्स सहित अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। वहीं मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने कहा समाज में फैली बुराइयों के लिए शिक्षा ही एकमात्र हथियार है, जो कि हर व्यक्ति का। मौलिक अधिकार भी है। कोई भी बच्चा आर्थिक स्थिति की वजह से शिक्षा से दूर न रहे, इसी बात को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा गत पाँच वर्षों से यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है व लाभान्वित बच्चे भी सराहनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। इस पुण्य कार्य मे मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, वसंती यादव, दीपक जैन, शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदेशक वरुण कुमार यादव, भावना अग्रवाल, अमित कुमार यादव, सुषमा गोस्वामी, सारिका जैन, नीरजा जैन, कोमल जैन आदि का विशेष सहयोग रहा। साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय परिवार नं. 3 से संस्था प्रमुख अंजू यादव, डॉ. अशोक मिश्र, रवींद्र यादव, ओमप्रकाश योगी, माडूराम यादव, रचना, मंजू, सुनीता, अनिता, सविता, रामरती, प्रियंका, इंदिरा कॉलोनी से प्रधानाध्यापक सुरेंद्र यादव, रणवीर यादव, धर्मपाल यादव, सुनीता चौधरी व न. 1 से संस्था प्रधान किरण यादव, सुनीता यादव, सुमित यादव, अनिता यादव, राकेश यादव, संतोष यादव, रविन्द्र कुमार वर्मा, सोनिया, सुनीता भाटिया, भूपेश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।



सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

# जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अलवर

## अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस-2022

### प्रशस्ति-पत्र

मंथन फाउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट, बहरोड (अलवर) को विशेष योग्यजन हेतु किए गए उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य हेतु अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस २०२२ के अवसर पर प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है।

उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं सहित

दिनांक - 03-12-2022
स्थान - अलवर

(डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी)
जिला कलक्टर एवं
जिला मजिस्ट्रेट, अलवर

दैनिक भास्कर बहरोड़-नीमराना भास्कर 12-02-2023

# दिव्यांग बच्चों को सम्मानित किया

बहरोड़| मंथन स्पेशल स्कूल में शनिवार को मानव जागृति मंच की ओर से दिव्यांग बच्चों को सम्मानित किया गया। मंथन अध्यक्ष डॉ पीयूष गोस्वामी ने बताया कि आयुष हॉस्पिटल फॉर होम्योपैथी व फिजियोथेरेपी की 13वीं वर्षगांठ पर दिव्यांग बच्चों को फल वितरित किए तथा ग्यारह हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष जगमाल सिंह यादव ने आभार जताया। इस दौरान डॉ सविता गोस्वामी, कर्मवीर यादव मीर, शालिनी शर्मा, अंकित सैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बराबर है, आप सभी अपने बच्चों के 3 करोड़ 49 लाख 65 हजार 790 रुपये को सरकारी योजनाअं

# मंथन का सफल प्रयास, जो दिव्यांग बच्चे बैठ नही पाते थे, आज दौड़ रहे है



**वी.पी.मीणा बहरोड।** कस्बे में स्थित मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट दिव्यांगता के क्षेत्र में सतत अपना परचम लहरा रहा है। कई दिव्यांग



बच्चे इनकी निःस्वर्थ सेवा से लाभान्वित हो चुके हैं। इसी क्रम में मंथन को एक और सफलता मिली है, जहां एक जन्मजात निःशक्त बालिका चलने लगी है। और यह सफलता प्राप्त हुई है मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी के मार्गदर्शन मे। जिनके द्वारा जैनपुरवास निवासी खामोश चौहान जो कि परमस्तिष्कीय पक्षाघात से ग्रसित होने के कारण तीन वर्ष पूर्व तक बिना सहारे के बैठ भी नही पाती थी आज मोरोडिया के अथक प्रयासों से बिना किसी सपोर्ट के चलने लगी है। इसी के साथ घरेलू कार्य में अपनी मां का सहयोग भी करने लगी है। इस खुशी के लम्हे पर उसकी माता कृष्णा देवी ने मंथन का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आशा जताई की उनकी दूसरी बेटी पूनम भी शीघ्र ही चलने लगेगी। मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि संस्था द्वारा मंथन स्पेशल स्कूल व दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर के द्वारा क्षेत्र में निरंतर निःशुल्क सेवाएं दी जा रही है। इसी के साथ जैनपुरवास तथा बर्रोद में सीबीआर सेंटर भी चलाए जा रहे हैं जिनके माध्यम से दिव्यांग बच्चो को घर जाकर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ये प्रयास उन बच्चो के लिए है जो किसी कारणवश मंथन स्पेशल स्कूल में नहीं पहुंच पा रहे हैं। यह प्रयास तीन वर्षों से जारी है, जिसके आत्मसंतुष्टिप्रद परिणाम भी देखने को मिले है। गौरतलब है की खामोश से पूर्व भी काजू नाम की बालिका इसी प्रकार लाभान्वित हुई थी तथा आज सामान्य जीवन व्यतीत कर रही है।

# मंथन के दिव्यांग बच्चों के लिए नए फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी उपकरणों का किया उद्घाटन


अनिल कुमार, बहरोड़, मंथन फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क रिहैबिलिटेशन सेंटर की पांचवी वर्षगांठ आज धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी श्रीधर गुप्ता, चेयरमैन संतोष चौरिटेबल ट्रस्ट मुंबई व संतोष जी गुप्ता द्वारा दिव्यांग बच्चों के रिहैबिलिटेशन के लिए एक लाख रुपये की लागत से बने एडवांस उपकरण भेंट किए गए। मंथन सचिव डॉ सविता गोस्वामी ने बताया कि इन आधुनिक उपकरणों जैसे पैरेलर बार, स्टैर केस, क्वाड्रिसेप्स टेबल, वॉल बार, पोस्चरल मिरर, डिस्क स्विंग, सुपिनेटर–प्रोनेटर इत्यादि की मदद से दिव्यांग बच्चों के रिहैबिलिटेशन और उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के संकल्प को नई राह मिलेगी। गत पांच वर्षों से दिव्यांग बच्चों को निशुल्क थेरेपी प्रदान की जा रही है जिससे सैकड़ों बच्चे



लाभान्वित हो चुके हैं। जो बच्चे चल फिर नहीं सकते थे वो आज चलने लगे हैं, जो बोल सुन नहीं सकते थे वो बोलने सुनने लगे हैं, पढ़ाई कर पा रहे हैं और समाज को मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं।इस अवसर पर सेठ श्रीधर गुप्ता ने कहा कि छोटी जगहों पर सुविधाओं और जागरूकता का अभाव रहता है। मंथन द्वारा स्पेशल स्कूल और रिहैबिलिटेशन सेंटर के माध्यम से जो सुविधाएं दी जा रही हैं इनसे अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों को जोड़े जाने के प्रयास करने चाहिए ताकि ये बच्चे आत्मनिर्भर बन सकें।वहीं मंथन संस्थापक डॉ0 पीयूष गोस्वामी ने सेठ श्रीधर गुप्ता का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी दिव्यांग बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन अलवर द्वारा दिव्यांगजन के लिए चलाए जा रहे सक्षम अलवर अभियान के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न योजनाओं जैसे दिव्यांगता प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सहायक उपकरण, पालनहार, सुखद दांपत्य, स्वरोजगार ऋण आदि पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में किशनलाल अग्रवाल, राजकुमार जिंदल, जगदीप कुमार, मुकेश मोदी, ललित कुमार , कृष्ण कुमार अग्रवाल, शालिनी शर्मा, केशव, वर्षा, सहित अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

में

त



भव्य
द्वारा
रिज
लक्ष
ाश,

पत्रिका

patrika.com

खबरों में लगे इन आइकन्स से जुड़िए
patrika.com पर

# दिव्यांग बच्चों के लिए आधुनिक उपकरण भेंट किए

**बहरोड़** . कस्बे में मंथन फाउंडेशन ने संचालित दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क रिहैबिलिटेशन सेंटर को संतोष चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई के चेयरमैन श्रीधर गुप्ता और उनकी पत्नी संतोष अग्रवाल ने दिव्यांग बच्चों के लिए एक लाख रुपए की लागत के एडवांस उपकरण भेंट किए। मंथन सचिव डॉ सविता गोस्वामी ने बताया कि इन आधुनिक उपकरणों की मदद से दिव्यांग बच्चों के रिहैबिलिटेशन और उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के संकल्प को नई राह मिलेगी। इस अवसर पर श्रीधर गुप्ता ने कहा कि छोटी जगहों पर सुविधाओं और जागरुकता का अभाव रहता है।



# विश्व मूक बधिर सप्ताह पर विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन



**बहरोड़, 2 अक्टूबर ( निसं )।** मंथन स्पेशल स्कूल में शनिवार को मूक बधिर सप्ताह अंतर्गत आयोजित विभिन्न सेवा कार्यों का समापन महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जयंती उत्सव के साथ किया गया। मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मूक बधिर सप्ताह के अवसर पर मंथन द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किए गए। जिसमें दिव्यांग बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता करवाने के साथ ही शहीद भगतसिंह जयंती के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में मंथन स्पेशल स्कूल के स्टाफ एवं उनकी प्रेरणा से सात यूनिट रक्तदान किया गया। सभी रक्तदाताओं को अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

साथ ही मंथन स्पेशल स्कूल में अतिथियों द्वारा नए फर्नीचर का भी फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मंथन स्पेशल स्कूल में गांधी और शास्त्री जयंती मनाई गई। जिसमें दिव्यांग बच्चों ने गांधी और शास्त्री के रूप में विभिन्न प्रस्तुतियां दी। साथ ही मंथन सचिव डा. सविता गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत में सभी दिव्यांगताओं में 16 प्रतिशत लोग मूक बधिर हैं। समय रहते इस दिव्यांगता का पता लगाया जाए तो इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही मंथन स्पेशल स्कूल की मूक बधिर छात्रा आशु को अंगवस्त्र व उपहार द्वारा सम्मानित किया गया एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के अंत में नगरपालिका चेयरमैन पूजा निमोरिया के पुत्र हार्दिक कुमार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में फल वितरित किए गए।

इस दौरान मंथन संस्थापक डा. पीयूष गोस्वामी, डा. सविता गोस्वामी, विशेष शिक्षक कर्मवीर यादव, आकाश कुमार, रामसिंह मोरोडिया, शालिनी शर्मा, अंकित सैन, कृष्ण कुमार सैनी, कृष्ण गुजराती, राकेश कुमार सैनी सहित दिव्यांग बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# रैली निकाला दिव्यांगों को किया जागरूक



**बहरोड़** . कस्बे में गुरुवार को मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात बच्चों की खेल कूद प्रतियोगिताएं भी करवाई गई । मंथन सचिव डॉ सविता गोस्वामी ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन में दिव्यांगों के प्रति संवेदना उत्पन्न करना व दिव्यांगो को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान थानाधिकारी वीरेंद्रपाल विश्नोई ने दिव्यांग रैली की सुचारू व्यवस्था के लिए विशेष रूप से कांस्टेबल तैनात किए एवं स्वयं खेल मैदान में पहुंचकर बच्चों एवं स्टाफ का उत्साहवर्धन किया।

## ,सक्षम अलवर अभियान में रही विशेष भूमिका

# जिला प्रशासन ने मंथन फाउंडेशन को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

**बढ़ता राजस्थान**



**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** जिला प्रशासन एवम् सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अलवर द्वारा अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर शनिवार को राजकीय अंबेडकर छात्रावास बहरोड़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला स्तरीय सम्मान समारोह में विशेष योग्यजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजन एवम् संस्थाओं को सम्मानित किया गया।इसमें अलवर जिले से एक मात्र संस्था मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट, बहरोड़ को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवम् अनुकरणीय कार्य करने हेतु तथा सक्षम अलवर अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु सम्मानित किया गया। साथ ही इस दौरान मंथन द्वारा भी वहां उपस्थित सभी दिव्यांगजन का अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मान किया गया।

मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि इस सफलता के पीछे मंथन के समर्पित स्टाफ, मेंबर्स एवं उन सभी भामाशाहों का हाथ है जिन्होंने मंथन पर अपना विश्वास जताया। साथ ही इस सम्मान को स्पेशल स्कूल के हर दिव्यांग बच्चों को समर्पित करते हुए कहा कि इन बच्चों के साथ कार्य करते हुए उन्हें इस कार्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।मंथन फाउंडेशन गत सात वर्षों से दिव्यांग बच्चों की निशुल्क शिक्षा एवं रिहैबिलिटेशन व अन्य माध्यम से उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

इस अवसर पर मंथन संस्थापक डॉ0 पीयूष गोस्वामी ने इस सम्मान के लिए जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी एवम् सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकांत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके ही कुशल नेतृत्व की वजह से सक्षम अलवर अभियान को राष्ट्रीय पहचान मिली है जो कि दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में आशा की किरण बनी है। इस दौरान राजेन्द्र प्रसाद मीणा , सुरेश चन्द जाटव , सुमित तिवाड़ी , बबलु यादव , महेश चन्द्र जाटव , मुकेश कुमार, राधेश्याम बैरवा, जगदीश प्रसाद स्वपनिल पारासर, राजेश बोहरा , कर्मवीर यादव, रामसिंह , परमार्थ दिव्यांग एवम् जनकल्याण संस्थान अलवर से अध्यक्ष अशोक कुमार नागर, भवानी शर्मा, प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।





## जिलेभर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# सूर्य को नमन करने उठे हजारों हाथ

**अलवर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पूरे देश में लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से लेकर सेना के जवान योगासन कर दुनिया को योग की ताकत संदेश दे रहे हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के हिमवीरों ने 8 तारीख को लद्दाख में 17,000 फीट की ऊंचाई पर योग किया। योग दिवस के अवसर पर पीएम मोदी भी पूरे जोश में दिखे। उन्होंने कर्नाटक के मैसूर पैलेस में हर तरह के आसन कर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि योग संपूर्ण मानवता के लिए है। योग विश्व में शांति लाता है। पीएम ने संयुक्त राष्ट्र का भी अभिनंदन किया। साथ ही कहा कि योग से शांति केवल व्यक्तियों के लिए नहीं है, यह हमारे राष्ट्रों और दुनिया में शांति लाता है।

## इंदिरा गांधी स्टेडियम हुआ मुख्य कार्यक्रम

अलवर जिले में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। आयुर्वेद विभाग की ओर से योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम इंदिरा गांधी स्टेडियम के मल्टीपरपज इंडोर हॉल में आयोजित किया गया। आयुर्वेद विभाग के सहायक निदेशक डॉ.उमादत्त शर्मा ने बताया कि योग कार्यक्रम में प्रशिक्षक ने शरीर को चुस्त-दुरुस्त और मन को शांत रखने के लिए योग व प्रणायाम कराया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर शिवप्रसाद नकाते, शहर विधायक संजय शर्मा, नप कार्यवाहक सभापति घनश्याम गुर्जर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष






योगेश मिश्रा सहित स्वयंसेवी संस्था, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोग शामिल हुए।

**गांधी स्वास्थ्य सदन समिति** की ओर से पुराना सूचना केन्द्र में योग दिवस मनाया गया। समिति के मंत्री सुशील झलानी ने बताया कि कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा द्वारा प्रशिक्षित योग विद्यार्थियों द्वारा आर्टिस्टिक, रिदमिक सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया। योग सत्र के पश्चात योग की महत्ता को समझाते हुए वक्ताओं द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

**इधर विश्व हिन्दू परिषद** व बजरंग दल की ओर से भी योग दिवस मनाया गया। नगर मंत्री सुरेशसिंह गुर्जर ने बताया कि मोती डूंगरी स्थित श्रीहनुमान मंदिर के समीप सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर सामूहिक रूप से योग किया।

**निरंकारी सत्संग भवन** में जिला संयोजक सोमनाथ के सानिध्य में उत्साह पूर्वक योग किया गया। इस अवसर पर सेवादल संचालक सिलिरमजी सहित सेवादल के अन्य लोग उपस्थित रहे। जिला संयोजक सोमनाथ ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के सानिध्य में निरंकारी भाई-बहनों ने उत्साह पूर्वक योग दिवस मनाया।

**मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट** द्वारा आठवें विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम जैनपुरवास के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर पंचायत स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों, कर्मचारियों और प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। प्रशिक्षक रामसिंह मोरोडिया द्वारा योग सिखाया गया। कार्यक्रम में जगराम पटेल, उपसरपंच बलबीर, वीडीओ अमित यादव, एएनएम श्यामा, डॉ. सविता गोस्वामी, डॉ. पीयूष गोस्वामी, सीताराम शर्मा, रवीना आदि उपस्थित रहे।



**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी अलवर दक्षिण की ओर से योग गुरु संजीव शर्मा के दिशा-निर्देश में नेहरू पार्क में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया।



**अलवर।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की ओर से मोती डूंगरी ऊपर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस।

Start